# राष्ट्रीय सेवा योजना
## एच.डी. जैन कॉलेज, आरा
NAAC Accredited Grade B+
www.hdjaincollege.org E-mail : hdjaincollege@gmail.com
Mob: 9958267365


**Date: - 10.08.2023**

**Name of Program: Meri Mati Mera Desh**

**Organised By: - National Service Scheme, H.D. Jain college, Ara**

**Press-Release**

## - कार्यक्रम विवरण -

## मेरी माटी मेरा देश

आज दिनांक 10 अगस्त 2023 को हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के वीरों को सादर याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा.नरेन्द्र कुमार ने किया। स्वयंसेवकों ने शहीदों की कहानियाँ सुनाई और उनके त्याग, बहादुरी एवं बलिदान को याद किया। कार्यक्रम पदाधिकारी (इकाई-1) डा.तबस्सुम बानो ने कार्यक्रम की रूप-रेखा पर प्रकाश डालते हुए आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने हाथ में मिट्टी लेकर पञ्च प्रण किया। कार्यक्रम पदाधिकारी (इकाई-2 ) डा. संजय कुमार चौबे ने पञ्च प्रण दिलाने के साथ अगस्त क्रान्ति के महत्त्व को बताया तथा मातृभूमि के लिए प्राण उत्सर्जित करने वालो वीरों को याद किया। इस अवसर पर डा. निहारिका सिन्हा, डा.सुमन कुमारी, डा.मालविका तिवारी, डा.वंदना सुमन आदि शिक्षकों के साथ विकास, सनोज, पूर्णिमा, श्रेया, साक्षी, अश्विनी, ख़ुशी , रिया, अंकुश आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।